# समग्र शिक्षा अभियान, मध्यप्रदेश
(सेकेन्डरी एजुकेशन)
(लोक शिक्षण संचालनालय परिसर, गौतम नगर, भोपाल–462023)
दूरभाष :                ईमेल: <trg.rmsamp@gmail.com>


क्रमांक : स.शि.अ.(सेके.एजु.)/10 (186)/कला.उत्सव/2022/141        भोपाल, दिनांक 15 सितम्बर 2022

प्रति

1. संभागीय संयुक्त संचालक,
लोक शिक्षण, समस्त संभाग (म.प्र.)।

2. जिला परियोजना समन्वयक सह
जिला शिक्षा अधिकारी, समस्त जिले (म.प्र.)।

**विषयः–राष्ट्रीय कला उत्सव 2022–23 हेतु भारत सरकार से प्राप्त दिशा निर्देश अनुक्रम में राज्य में गतिविधियां संपन्न कराया जाना।**

संदर्भः–डॉ. उपासना चौधरी, सीनियर कंसलटेन्ट, (डी.ई.ए.ए.), एनसीईआरटी, नईदिल्ली, भारत सरकार से प्राप्त ईमेल संदेश दिनांक 23.08.2022 एवं संलग्न कला उत्सव 2022–23 के दिशा निर्देश।

——00——

भारत सरकार की वेबसाइट <www.kalautsav.in> पर कला उत्सव 2022–23 की गाईड लाइन्स (दिशा निर्देश) जारी किये गये है, (विवरण संलग्न है)। इन निर्देशों के अनुरूप ही विभिन्न विधाओं में कार्यक्रम एवं गतिविधियाँ किया जाना होगी।

राज्य में कला उत्सव 2022–23 गतिविधियों का आयोजन विभिन्न चरणों में संपूर्ण कराया जाकर राज्य स्तर पर चयनित प्रविष्टियों आदि की जानकारी 30 नवम्बर 2022 तक राष्ट्रीय स्तर पर अवगत कराया जाना है। तद्संबंधी कार्यवाहियां इस प्रकार है :–

**(1) <u>कला के प्रकार</u> –** कला उत्सव 2022–2023 पारंपरिक लोक कलाओं और शास्त्रीय कलाओं की विभिन्न शैलियों पर केन्द्रित रहेगा। इस वर्ष प्रतियोगिता के लिए निम्नलिखित 10 कलाओं को सम्मिलित किया गया है :–

| क्र | श्रेणी | प्रविष्टि | विवरण | प्रस्तुति अवधि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | संगीत (गायन)–शास्त्रीय संगीत | 01 छात्रा, 01 छात्र | हिन्दुस्तानी/कर्नाटक संगीत | 4 से 6 मिनट |
| 2 | संगीत (गायन)–पारंपरिक लोक संगीत | 01 छात्रा, 01 छात्र | कोई भी शैली/उपभाषा | 4 से 6 मिनट |
| 3 | संगीत (वादन) – अवनद्ध वाद्य | 01 छात्रा, 01 छात्र | कोई भी पारंपरिक भारतीय अवनद्य वाद्य | 4 से 6 मिनट |
| 4 | संगीत (वादन)–स्वर वाद्य | 01 छात्रा, 01 छात्र | कोई भी पारंपरिक भारतीय स्वर वाद्य | 4 से 6 मिनट |
| 5 | नृत्य–शास्त्रीय नृत्य | 01 छात्रा, 01 छात्र | शास्त्रीय विधाएँ | 4 से 6 मिनट |
| 6 | नृत्य–लोक नृत्य | 01 छात्रा, 01 छात्र | किसी भी प्रान्त का पारंपरिक लोक नृत्य | 4 से 6 मिनट |
| 7 | दृश्य कला (द्वि–आयामी) | 01 छात्रा, 01 छात्र | ड्राइंग या पेंटिंग एवं प्रिंट मेकिंग | 03 दिन |
| 8 | दृश्य कला (त्रि–आयामी) | 01 छात्रा, 01 छात्र | मूर्तिकला | 03 दिन |
| 9 | स्थानीय खिलौने एवं खेल | 01 छात्रा, 01 छात्र | पारंपरिक खिलौने एवं खेल | 03 दिन |
| 10 | नाटक (एकल अभिनय) | 01 छात्रा, 01 छात्र | एकल रूप से किया गया कोई भी अभिनय | 6 से 8 मिनट |

**(2) <u>सहभागिता</u>** – उक्त कार्यक्रम में शासकीय, अशासकीय तथा अनुदान प्राप्त स्कूलों के कक्षा 9वीं से 12वीं में अध्ययनरत विद्यार्थी भाग ले सकते है।

**(3) <u>प्रविष्टियाँ</u>**– प्रत्येक प्रतियोगिता में 01 छात्र एवं 01 छात्रा सहभागिता हो सकते है। इस प्रकार प्रत्येक स्तर पर अधिकतम 20 प्रतिभागी चयनित होंगे।

**(4) <u>राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताएँ</u>**– राष्ट्रीय कला उत्सव का आयोजन दिसम्बर 2022 या जनवरी 2023 में भुवनेश्वर (ओड़िशा राज्य) में भारत सरकार द्वारा आयोजित किया जायेगा राज्य स्तर से प्रविष्टियाँ भेजने की समय–सीमा अंतिम तिथि 10 दिसम्बर 2022 है।

— निरन्तर —

(5) **पुरुस्कार/प्रोत्साहन राशि** – राष्ट्रीय स्तर पर प्रत्येक कला/विधा के क्षेत्र में पुरुस्कार तथा प्रमाणपत्र दिया जायेगा। पुरुस्कार राशि का विवरण निम्नानुसार है :–

राष्ट्रीय स्तर पर विजेता हेतु प्रथम पुरूस्कार रूपये 25000/–, द्वितीय पुरूस्कार रूपये 20000/– एवं तृतीय पुरूस्कार रूपये 15000/– की राशि, शिक्षा विभाग के खाते में भारत सरकार द्वारा डिजिटली ट्रांसफर की जायेगी।

(6) **राज्य अंतर्गत चयन हेतु तिथियां तथा स्थल**–

प्रतिभागी विद्यार्थियों के चयन हेतु विभिन्न स्तर पर आयोजन की तिथि निम्नानुसार है :–

- राज्य स्तर पर चयन – 22 एवं 23 नवम्बर 2022 को भोपाल में।
- संभाग स्तर पर चयन – 11 नवम्बर 2022 तक संभाग मुख्यालय पर।
- जिला स्तर पर चयन – 05 नवम्बर 2022 तक जिला मुख्यालय पर।

जिला स्तरीय चयन के पूर्व विद्यार्थियों का चयन स्कूल स्तर पर तथा विकासखंड स्तर पर भी किया जाये ताकि प्रत्येक प्रतिभावान विद्यार्थी को सहभागिता का अवसर प्राप्त हो सके। जिला स्तर के पूर्व आयोजन कार्यक्रम की तिथियों का चयन जिला शिक्षा अधिकारी अपनी सुविधा के आधार पर कर सकते है।

(7) **विशेष सूचना** – राष्ट्रीय स्तर पर सहभागिता हेतु इस वर्ष निम्नलिखित ध्यान में रखना है :–

- 01 विद्यार्थी 01 ही विधा में भाग ले सकेगा।
- दिव्यांग विद्यार्थियों की सक्रिय भागीदारी को प्रोत्साहित किया जाये।
- किसी भी प्रकार के बाहरी पेशेवर या व्यावसायिक कलाकार भागीदार नहीं हो सकते।
- प्रतियोगिता में पूर्व में कला उत्सव में प्रथम, द्वितीय या तृतीय स्थान प्राप्त किया हो तो वह इस प्रतियोगिता में सहभागी नहीं होगा।
- गाये जाने वाले गीत मौलिक होंगे, फिल्मी गीत स्वीकार्य नहीं होंगे।
- वादन में इलेक्ट्रानिक या प्रोग्राम किये गये संगीत उपकरण का प्रयोग वर्जित होगा।
- विद्यालय स्तर पर चयनित विद्यार्थियों के प्रदर्शन की भलीभाँति वीडियो रिकार्डिंग की जाए, जिससे आगे के चयन स्तरों पर उसी रिकार्डिंग का प्रयोग किया जा सके।
- सभी महिला प्रतिभागियों के साथ एक महिला शिक्षिका अनुरक्षक एवं पुरूष प्रतिभागियों के साथ एक पुरूष शिक्षक अनुरक्षक चयनित किए जाएँ जो उन प्रतिभागियों के साथ राष्ट्रीय कला उत्सव के दौरान रहेंगें।
- दिव्यांग प्रतिभागी के साथ एक अतिरिक्त अनुरक्षक (जो माता–पिता या शिक्षक हो) को राष्ट्रीय स्तर की प्रतिभागिता में आने की अनुमति है।
- राज्य स्तर पर चयनित प्रत्येक छात्र एवं छात्रा का पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ्स आवश्यक है।

(8) **राष्ट्रीय स्तर पर प्रविष्टि हेतु प्रारूप**– कला उस्तव दिशा निर्देश के पेज नम्बर 16 एवं 17 में वर्णित परिशिष्ट–I एवं II पर है।

(9) **राष्ट्रीय स्तर पर प्रविष्टियाँ जमा कराने हेतु वांछित कार्यवाही** –

वीडियो फिल्म एवं बैकग्राउंड नोट/मूल सारांश टाइप किया हुआ, को भारत सरकार के ईमेल/वेबसाइट पर अपलोड कराया जाना –

(अ) **वीडियो फिल्म** –

राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता के लिए प्रत्येक श्रेणी में राज्य स्तरीय प्रविष्ट संबंधी प्रदर्शन की एक वीडियो फिल्म जमा की जाएगी। दृश्य कला श्रेणी (द्वि–आयामी, त्रि–आयामी एवं स्थानीय खिलौने) में वीडियो फिल्म के साथ कलाकृतियों के फोटो भी भेजने होंगे। प्रतियोगिता स्थल पर कला उत्सव का बैकड्रॉप, कार्यक्रम का नाम, तिथि एवं स्थल का विवरण आवश्यक है। वीडियो फिल्म की अवधि 3–5 मिनट के बीच हो सकती है। राष्ट्र स्तरीय प्रविष्टि होने के कारण, वीडियो को प्रारूप एवं सारांश के साथ संलग्नक किया जाना है।

(ब) **मूल पाठ सारांश (लेखन)** –

हिन्दी अथवा अंग्रेजी में अधिकतम 100 शब्दों का मूल पाठ सारांश (हिन्दी में यूनिकोड फॉन्ट में तथा अंग्रेजी में Times New Roman फॉन्ट में कम्प्युटर टाइप किया हुआ स्पष्ट पठनीय) प्रविष्टि के साथ अपलोड करें। मूल पाठ सारांश का फोटो या छायाचित्र स्वीकार्य नहीं हैं। प्रतिभागी मूल पाठ सारांश में उनके द्वारा चयनित कला के उद्भव–स्थान, सम्बद्ध समूह, विशेष अवसर, वेशभूषा तथा उन कलाओं में संगत हेतु प्रयुक्त होने वाले,

--निरन्तर--

मंच–सज्जा हेतु वस्तुएँ, आस–पास के पर्यावरण के साथ इसका जुड़ाव, इसकी शैली, प्रयोग में ली गई सामग्री एवं तकनीक के बारे में विवरण सम्मिलित होने चाहिए। प्रतिभागी कलाकृति या प्रस्तुति आदि करते हुए अपने छायाचित्र (अधिकतम पाँच) को सारांश के साथ संलग्न कर सकते हैं।

**नोटः**–मूल पाठ सारांश (लेखन) और वीडियो फिल्म में प्रत्येक श्रेणी में पाँच अंक निर्धारित किये गये है। और वह अंतिम मूल्यांकन को प्रभावित करेंगी।

(10) **मूल्यांकन पद्धति** –भारत सरकार द्वारा प्रदाय कला उत्सव निर्देश वर्ष 2022–23 में वर्णित अनुसार।

(11) **वित्तीय व्यवस्था** –

(अ) जिला स्तर तक –

इन प्रतियोगिताओं के आयोजन हेतु जिला स्तर तक आयोजन स्थल के स्कूल को आवश्यक व्यवस्थाओं हेतु ₹10,000/ (अंकन दस हजार रूपये) का व्यय जिला शिक्षा अधिकारी, द्वारा समग्र शिक्षा अभियान (सेकेन्डरी एजुकेशन) मद से उपलब्ध कराया जायेगा, जो 'प्रोजेक्ट ऑन कला उत्सव' शीर्ष में बुक होगा। वाद्य यंत्रों का किराया भी सम्मिलित होगा।

कोविड–19 सुरक्षा प्रोटोकाल के तहत आवश्यक व्यय एवं ज्यूरी आदि के मानदेय पर व्यय किया जायेगा।

(ब) संभाग स्तर पर –

₹15,000/– (अंकन पन्द्रह हजार रूपये) प्रति जिले के मान से जिलों की संख्या के अधार पर व्यय किया जा सकेगा, जो संभागीय मुख्यालय के जिले में समग्र शिक्षा अभियान (सेकेन्डरी एजुकेशन) मद में 'प्रोजेक्ट ऑन कला उत्सव' शीर्ष में बुक होगा। इसके अंतर्गत आवश्यक वाद्य यंत्रों का किराया भी सम्मिलित होगा।

कोविड–19 सुरक्षा प्रोटोकाल के तहत आवश्यक व्यय एवं ज्यूरी आदि के मानदेय पर व्यय किया जायेगा।

कला उत्सव के संबंध में अन्य जानकारियों हेतु भारत सरकार की वेबसाइट <www.kalautsav.in> पर दिशा निर्देश उपलब्ध है एवं अन्य अद्यतन सूचना हेतु समय–समय पर आपके द्वारा अवलोकन किया जाना अपेक्षित है। साथ ही कार्यक्रम से संबंधित अन्य पृच्छा हेतु भारत सरकार के ईमेल <kalautsav.ncert@ciet.nic.in> एवं दूरभाष 011–26511539 पर संपर्क किया जा सकता है।

**संलग्न :– राष्ट्रीय कला उत्सव 2022 दिशा–निर्देश।**

**(मनीषा सेंतिया)**
**अपर परियोजना संचालक (आई.ए.एस.)**
**समग्र शिक्षा अभियान, मध्यप्रदेश**

# कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी, जिला छिंदवाड़ा
## राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा अभियान

दूरभाष कमांक – 07162–243253,292698, फैक्स नंबर 07162242331,
E-mail Address – deochi-mp@nic.in /chhindwara.rmsa@gmail.com

पृक्र./ 930 /आर.एम.एस.ए./2022 छिंदवाड़ा दिनांक 04/10/2022

प्रतिलिपि :–

1. आयुक्त, लोक शिक्षण संचालनालय म.प्र. भोपाल की ओर सादर सूचनार्थ।
2. कलेक्टर महोदय, छिंदवाड़ा की ओर सादर सूचनार्थ।
3. मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत छिंदवाड़ा की सादर सूचनार्थ प्रेषित ।
4. संयुक्त संचालक लोक शिक्षण, जबलपुर संभाग, जबलपुर की ओर सूचनार्थ।
5. समस्त विकासखंड शिक्षा अधिकारी, जिला – छिंदवाड़ा की ओर सूचनार्थ।
6. प्राचार्य, समस्त अनुदान प्राप्त एवं शासकीय हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी स्कूल जिला – छिंदवाड़ा की ओर सूचनार्थ कर लेख है कि पत्र में दिये गये निर्देशानुसार समयावधि में कार्यवाही करना सुनिश्चित करें।

*नोट* – कला उत्सव प्रतियोगिता 2022–23 से संबंधित जानकारी के लिए जिला नोडल एवं सहायक नोडल से संपर्क करें – श्री दिनेश राव भट्ट, उश्रेशि. मो.9977638902, श्रीमती शैली यादव, उमाशि., मो.9424318001

04/10/2022

जिला शिक्षा अधिकारी,
पदेन जिला परियोजना समन्वयक
(RMSA)
जिला – छिंदवाड़ा